# भिलाई शहर के विकास को लेकर विधायक रिकेश सेन ने ली समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

**भिलाई नगर।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में शहर के विकास कार्य को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और भिलाई शहर में जो भी निर्माण, विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य हो रहे हैं, उन सभी कार्यो को गुणवत्तायुक्त एवं समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। श्री सेन ने कहा कि मूलभूत जितने भी कार्य कराए जा रहे हैं या कराए जाने हैं, उनका उपयोग अति आवश्यक कार्यों को ध्यान में रखकर किया जाए। संपत्ति कर एवं जल कर वसूली सहित भवन अनुज्ञा जारी कर राजस्व वृद्धि को बढ़ाने में प्राथमिकता के भी उन्होने निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा अंबाटित जमीन एवं बसाई हुई कॉलोनियों में मूलभूत सूविधाओं को प्राथमिकता देते हुये प्रस्ताव भेजने कहा। साथ ही पुराने जर्जर वाम्बे, अटल, रैशन, आईएचएसडीपी आवासो के निर्माण में प्राथमिकता पर भी चर्चा की गयी। विधायक द्वारा समीक्षा करते हुए निगम क्षेत्रांतर्गत निर्माण, विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य जो वर्तमान में संचालित हैं उसके सतत निरीक्षण पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा जो ठेकेदार कार्य गुणवक्तायुक्त नहीं कर रहे है और मनमानी कर रहे है, उन्हे ब्लेक लिस्ट किया जावे। ठेकेदार या जनप्रतिनिधियों के कर्मचारियों के प्रति दुर्व्यवहार के लिये कार्यवाही हेतु संभागायुक्त को नोटशीट लिखी जावे। संपदा विभाग की राजस्व अधिकारी से कहा गया कि संपदा विभाग के कार्यो को प्राथमिकता देने से आम नागरिकों को सुविधा होगी। नामांतरण के कार्यो को अविलंब पूर्ण किया जावे। राजस्व विभाग संबंधी जमीन का आंकड़ा एवं लेखा जोखा का दुरस्तीकरण किया जावे। जवाहर नगर स्थित निगम स्वामित्व जमीन से अवैध कब्जा को मुक्त कराना है, साथ ही निगम स्वामित्व के जमीन में धर्म के नाम पर अवैध कब्जा को रोका जाना होगा। जैसे अवैध मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर के निर्माण को रोका जाये। निगम स्वामित्व के कालोनियों में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जावे। शासन को रोड, नाली, लाइटिंग के सुविधाओं को मुहैया कराने प्राथमिकता देना है। प्रियदर्शिनी परिसर, राधिका नगर, नेहरू नगर, साकेत नगर, स्लाटर हाउस रोड एवं अन्य निगम स्वामित्व द्वारा आंबटित भूमि पर निर्मित कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं को प्रथामिकता दिया जाये। ऐसे ही अन्य और कालोनी या बस्ती जहां कार्य की आवश्यकता है, तत्काल प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जावे। केनाल रोड का विस्तारीकरण किया जाना है, जिसके लिए शासन से प्रस्ताव अनुसार स्वीकृति मिल गई है। संपत्ति कर वसूली, जल कर वसूली एवं नये भवन निर्माण हेतु अनुज्ञा देकर राजस्व की प्राप्ति को बढ़ाने में प्राथमिकता दी जावे। श्री सेन ने कहा कि जिन लोगों द्वारा भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है, उन सभी पर सख्त कार्यवाही की जावे। रैन वाटर हार्वेस्टिंग के निर्माण कार्य को एजेंसी के माध्यम से अविलंब निर्माण कराया जाये जिससे भविष्य के लिये भू–गर्भ में जल का संचय किया जा सके। विधायक द्वारा निर्देश दिया गया है कि सुपेला संडे मार्केट में कार्यवाही करते हुए निगम स्वामित्व के जमीन में जो अवैध निर्माण किए है, उनको हटाना है। निगम क्षेत्र में जो भी निर्माणाधीन पानी टंकी एवं पाइप लाईन का कार्य कराया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता में ध्यान देते हुये कार्य कराएं। निगम द्वारा प्रदाय आवास, गुमटी एवं दुकान जिनका कोई वास्ताविक आबंटिती नहीं हैं, और अवैध बसाहट व संचालित है ऐसे आबंटन को जिला

चयन समिति द्वारा निरस्त कराया जाना है। घासीदास नगर, जवाहर नगर, कोसा नाला के आवासों में बसे नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास द्वारा निर्मित मकानों में श प्राथमिकता देते हुये स्थानांतरित करना होगा। प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए नवरात्रि एवं दिवाली के पूर्व ठीक करा लिया जावे। सिवरेज ट्रीटमेंट प्लाट में स्वीकृत कार्य को आदर्श प्लांट के रूप में निर्माण किया जावे। जिससे नाला के गंदे पानी को फिल्टर कर नदी में बहाया जा सके। और आम नागरिको के लिये नुकसान दायक न हो। निगम क्षेत्र में स्थित उद्यानों का मरम्मतध्संधारण कराया जावे। उद्यानों में पूर्व से स्थापित झुले, फिसलपट्टी जैसे खेल उपकरण एवं योग सामग्रीयों का संधारण कराया जावे। विधायक ने बताया कि बीएसपी के निर्देशक चितरंजन महापात्रा से टाउनशीप क्षेत्र के विकास के लिए चर्चा की गयी है जिसके अनुसार बीएसपी प्रबंधन टाउनशिप क्षेत्र के विकास के लिये हमेशा तत्पर है। नगर निगम टाउनशिप क्षेत्र के कार्य की आवश्यकता को बीएसपी प्रबंधन को पत्राचार करते हुये सूचित कर दें। टाउनशिप क्षेत्र में सड़क, साफ–सफाई, बिजली एवं पानी जैसे मूलभूत सेवाओं का व्यवस्था बीएसपी प्रबंधन द्वारा किया जाता है तथा अन्य निर्माण के लिये भी तैयार हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भेलवा तालाब नेहरू नगर एवं संजय नगर तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव तैयार कर व्यवस्थित कराया जावे, जिससे आम नागरिको को सुविधा मिले। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि आकाश गंगा सब्जी मण्डी में अवैध दुकानों को हटाने की कार्यवाही कि जावेगी। कुल आबंटन के अतिरिक्त अवैध रूप से दुकान संचालित कर रहे हैं, उनको हटाने हेतु प्रकिया चल रही है। समीक्षा बैठक में जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

